Bareilly, Tuesday, 18 November 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO :04 MIDDLE

# प्राणि मात्र के दुख दूर करने का संकल्प

## समय का पालन और निर्णयों पर दृढ़ रहना ही बनाएगा श्रेष्ठ चिकित्सकः देव मूर्ति



सफेद कोट को पहनाकर महर्षि चरक की शपथ लेते स्टूडेंट्स.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (17 Nov):** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में सोमवार को एमबीबीएस 2025 बैच के 200 विद्यार्थियों को चिकित्सकीय पेशे के प्रतीक सफेद कोट को पहनाकर महर्षि चरक की शपथ दिलाई. 92 लड़कियों एवं 108 लड़कों ने प्राणि मात्र के दुख दूर करने का संकल्प लिया. व्हाइट कोट सेरेमनी में प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा.एमएस बुटोला ने शपथ दिलाई और इसका सम्मान करने का संदेश दिया. एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने इस मौके पर टैलेंट हंट की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को भी ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए.

### समय पालन की नसीहत

देव मूर्ति ने कहा कि एमबीबीएस 2025 बैच के विद्यार्थियों को समय पालन की नसीहत दी. उन्होंने कहा समय का पालन करना सभी के लिए जरूरी है, लेकिन मेडिकल के क्षेत्र में यह अपरिहार्य है. यहां समय पालन से किसी भी मरीज की जान बच सकती है और एक मिनट की देरी जान ले भी सकती है. ऐसे में समय का पालन करें और श्रेष्ठ चिकित्सक बन कर समाज की सेवा में जुट जाएं. देव मूर्ति ने ट्रस्ट द्वारा संचालित शैक्षणिक शुल्क माफी योजना में शामिल होने और स्कालरशिप हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को लक्ष्य बना कर पढ़ाई करने का भी संदेश दिया. उन्होंने कहा कि 75 फीसद या उससे ऊपर नंबर लाने वाले मेडिकल के सभी विद्यार्थी इसमें शामिल हों. सभी को दो लाख रुपये और उससे ज्यादा की राशि स्कॉलरशिप में मिलेगी. व्हाइट कोट सेरेमनी में प्रिंसिपल डा. बुटोला, डीन पीजी डा. रोहित शर्मा, डीएसडब्ल्यू डा. क्रांति कुमार, एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, सीईटीआर के डीन डा. शैलेश सक्सेना, आईपीएस की प्रिंसिपल जसप्रीत कौर, नर्सिंग की प्रिंसिपल डा. मुथु महेश्वरी, मैट्रन संतोषी और सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे.